सं ई 11021/1/2023-हिन्दी
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
(हिन्दी अनुभाग)

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,
नई दिल्ली, दिनांक 16.09.2025

परिपत्र

**विषय:- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय में दिनांक 14.09.2025 से 28.09.2025 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन ।**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय में दिनांक 14.09.2025 से 28.09.2025 तक **'हिन्दी पखवाड़े'** का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान, विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताएं अर्थात् (i) हिन्दी निबंध (ii) राजभाषा हिंदी संबंधी प्रश्नोत्तरी (लिखित) (iii) अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी-अंग्रेजी) (iv) हिंदी टंकण (v) हिन्दी टिप्पण-आलेखन (नोटिंग-ड्राफ्टिंग) (vi) हिंदी निबंध (केवल एम.टी.एस एवं समकक्ष कर्मचारियों के लिए) प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं की मुख्य विशेषताएं:

1. प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- 5000/- रुपए, द्वितीय पुरस्कार-3500/- रुपए, तृतीय पुरस्कार- 2500/- रुपए और 1500/- रुपए के चार प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।
2. एक प्रतिभागी को दो से अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।
3. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के अधीनस्थ संगठनों से जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय में काम करने वाले हिंदीत्तर भाषी अधिकारी और कर्मचारी भी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं, बशर्ते कि वे अपने मूल कार्यालय जिससे वह संबंधित है में आयोजित **'हिन्दी पखवाड़े'** की प्रतियोगिता में भाग न लें।
4. किसी भी प्रतियोगिता में 07 प्रतिभागियों (पुरस्कारों की संख्या अनुसार) से कम होने पर प्रतियोगिता विशेष को निरस्त किया जा सकता है।
5. प्रतियोगिताओं से संबंधित विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | दिनांक | प्रतियोगिता | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 17.09.2025 | हिन्दी निबंध | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे |
| 2. | 18.09.2025 | राजभाषा हिंदी संबंधी प्रश्नोत्तरी (लिखित) | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे |
| 3. | 19.09.2025 | अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी-अंग्रेजी) | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे |
| 4. | 22.09.2025 | हिंदी टंकण | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे |
| 5. | 24.09.2025 | हिंदी नोटिंग-ड्राफ्टिंग | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे |
| 6. | 25.09.2025 | हिंदी निबंध (केवल एम.टी.एस एवं समकक्ष कर्मचारियों के लिए) | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे |

जो अधिकारी/कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, वे अपनी प्रविष्टि निर्धारित नामांकन फॉर्म में भरकर **हिन्दी अनुभाग को भिजवा दें।**

भवदीया,

संलग्नक- यथोपरि

(संगीता टी.)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष :23310408

सेवा में-

1. जल शक्ति मंत्री जी के निजी सचिव ।
2. जल शक्ति राज्य मंत्री जी के निजी सचिव ।
3. सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के निजी सचिव ।
4. अपर सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के निजी सचिव ।
5. संयुक्त सचिव (प्रशा.)/संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार/संयुक्त सचिव (पीपी एवं आरडी)/आर्थिक सलाहकार एवं राजभाषा प्रभारी के निजी सचिव ।
6. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के समस्त अधिकारी।
7. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के सभी कर्मचारी/सभी अनुभाग/डेस्क/सैल ।
8. नोटिस बोर्ड ।
9. गार्ड फाइल ।

**नोट**:- संसदीय राजभाषा समिति द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी 'ख' (पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ, दमन और द्वीप और दादर और नगर हवेली) और 'ग' (कर्नाटक, केरल, तमिलनाडडु, आंध्रप्रदेश, उडीसा, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य) क्षेत्र के कार्मिकों को प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से हिंदी में कार्य करने की रूचि बढ़ाने संबंधी उपाय किए जाने पर बल दिया है। **इसी के मद्देनजर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से दिनांक 14.09.2025 से 28.09.2025 तक पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में केवल हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों द्वारा ही भाग लिया जा सकेगा।**